दिन– गुरूवार | दिनांक– 16 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के शेष तीन चरणों के लिए प्रचार अभियान तेज हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज सीतामढ़ी और मधुबनी में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

02. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में एक सौ अड़तीस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये।

03. राज्य से इस बार तीन हजार आठ सौ बीस मुस्लिम धर्मावलंबी हज यात्रा पर जायेंगे। गया हवाई अड्डे से छब्बीस मई को रवाना होगा पहला जत्था।

04. और, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, रोहतास, औरंगाबाद और गया समेत बारह जिलों में गर्म दिवस की चेतावनी जारी की।

---

लोकसभा चुनाव के शेष तीन चरणों के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न गठबंधन और राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए लगातार चुनावी सभाएं, रैली, रोड–शो और जनसंपर्क कर रहे हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार देवेशचंद्र ठाकुर के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री शाह का मधुबनी के बिस्फी में पार्टी उम्मीदवार अशोक यादव के समर्थन में भी एक चुनावी रैली को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज मधुबनी, दरभंगा, सीतामढ़ी, वैशाली और सारण लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास, राष्ट्रीय लोक मोर्चा, कांग्रेस और वामपंथी दलों के नेता भी अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा और रोड–शो कर रहे हैं।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में नाम वापसी का कल अंतिम दिन है। नामांकन पत्रों की जांच के बाद इन क्षेत्रों

में एक सौ अड़तीस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाये गये थे। कुल उनासी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। इन क्षेत्रों से दो सौ सत्रह उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा भरा था। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नालंदा संसदीय क्षेत्र से उनतीस, पटना साहिब से सत्रह, पाटलिपुत्र से बाईस, आरा से चौदह, बक्सर से पन्द्रह, सासाराम से दस, काराकाट से चौदह और जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से सत्रह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाये गये हैं। इधर, अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के लिए हो रहे उपचुनाव में सभी नौ उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। इस चरण के तहत एक जून को मतदान होना है।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात पटना साहिब लोकसभा सीट की। पटना साहिब बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

मोक्षदायिनी गंगा के दक्षिणी किनारे अवस्थित पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र बिहार की राजधानी पटना के मुख्य शहरी भाग से जुड़ा है। गुरु गोविंद सिंह की जन्मस्थली, पटना साहिब का समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास रहा है। वर्ष 2008 में अस्तित्व में आए इस सीट का चुनावी सफर भी बहुत दिलचस्प है। अब तक हुए चुनावों में इस सीट पर भाजपा उम्मीदवारों को ही जीत मिलती रही है। वर्ष 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में पटना साहिब सीट पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की थी। 2019 के चुनाव में भाजपा ने निवर्तमान सांसद शत्रुघ्न सिन्हा की जगह रविशंकर प्रसाद को मैदान में उतारा। इससे नाराज होकर शत्रुघ्न सिन्हा कांग्रेस में शामिल हो गए। चुनाव परिणामों में श्री सिन्हा को करारी हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भी भाजपा ने रविशंकर प्रसाद को एक बार फिर मैदान में उतारा है। उनके सामने हैं कांग्रेस के अंशुल अविजित। अंशुल अविजित कांग्रेस की दिग्गज नेता और पूर्व लोकसभाध्यक्ष मीरा कुमार के बेटे हैं और पहली बार चुनावी राजनीति में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। विधानसभावार शक्ति संतुलन देखें तो 6 में से 4 सीटों पर भाजपा और 2 सीटों पर राजद का कब्जा है। दीघा, बांकीपुर, कुम्हरार और पटना साहिब विधानसभा सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। वहीं, बख्तियारपुर और फतुहा राजद के कब्जे में हैं। चुनाव में मुद्दों की बात करें तो क्षेत्र का समुचित विकास और रोजगार आज भी लोगों की प्रमुख मांग है। इसके अलावा प्रदूषण, जाम और जल जमाव की समस्या प्रमुख मुद्दे हैं। लेकिन चुनाव में स्थानीय मुद्दों की तुलना में राष्ट्रीय मुद्दे अधिक प्रभावी दिख रहे हैं। एक ओर जहां भाजपा उम्मीदवार मोदी सरकार की पिछले दस वर्षों की उपलब्धियों और क्षेत्र के लिए गए कार्यों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस उम्मीदवार महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों के सहारे मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्र के 21 लाख से अधिक मतदाता लगातार दूसरी बार भाजपा के रविशंकर प्रसाद पर विश्वास जताते हैं या फिर कांग्रेस के अंशुल अविजित को लोकसभा भेजते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

---

लोकसभा चुनाव को लेकर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान कल राज्य भर से अठारह लाख चौंतीस हजार रूपये बरामद किये गये। वहीं, चालीस लाख रूपये से अधिक मूल्य की शराब भी बरामद की गयी। इसके अलावा लगभग डेढ़ लाख रूपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये।

---

राज्य से इस बार तीन हजार आठ सौ बीस मुस्लिम धर्मावलंबी हज यात्रा पर जायेंगे। इनमें से दो हजार एक सौ नवासी पुरूष, एक हजार छह सौ महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। हज यात्रियों को लेकर गया हवाई अड्डे से पहली उड़ान छब्बीस मई को रवाना होगी।

---

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में अब छात्र –छात्राओं को राशि के बदले पोशाक दी जायेगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के. के. पाठक की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में बच्चों को दो जोड़ी पोशाक के साथ एक जोड़ी जूते–मोजे और टाई उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। इसके अलावा जाड़े में पहनने के लिए बच्चों को स्वेटर भी दी जायेगी।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी से गर्मी का प्रकोप एक बार फिर बढ़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों का तापमान अड़तीस से चालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, कैमूर, रोहतास, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल और गया जिले में गर्म दिवस की स्थिति बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि अगले पांच दिनों में तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी की सम्भावना है।

–––बाईट–––

---

मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा नीट–यूजी का कथित तौर पर पेपर लीक होने की जांच सीबीआई से कराने के लिए पटना उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गयी है। याचिका में कहा गया है कि पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज मामले के आधार पर तेरह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रश्न पत्र लीक होने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटका है। याचिका में परीक्षा रद्द कर नये सिरे से परीक्षा कराने की भी मांग की गयी है।

---

स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा– सीयूईटी यूजी दो हजार चौबीस में पहले दिन कल पचहत्तर प्रतिशत से अधिक आवेदकों ने भाग लिया। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए के अनुसार परीक्षा देश और विदेश के सभी निर्धारित स्थानों पर सुचारू रूप से संचालित की गई। एनटीए आठ दिनों तक सीयूईटी यूजी–दो हजार चौबीस परीक्षा मिश्रित प्रणाली में आयोजित करेगी जिसमें कंप्यूटर आधारित परीक्षा और पेन और पेपर से लिखने के विकल्प होंगे। एनटीए ने बताया कि यह परीक्षा तेरह लाख से अधिक आवेदकों के लिए आयोजित की जा रही है। सीयूईटी यूजी देशभर में केंद्रीय विश्वविद्यालयों तथा राज्य विश्वविद्यालयों, डीम्ड और निजी विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए छात्रों को एक ही परीक्षा में भाग लेने का अवसर देती है।

---

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, एनटीए ने जून महीने में आयोजित होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा के लिए एक बार फिर आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अभ्यर्थी अब उन्नीस मई तक आवेदन कर सकेंगे। वहीं, बीस मई तक आवेदन शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। आवेदन में सुधार के लिए इक्कीस से तेईस मई तक विंडो उपलब्ध रहेगा। एनटीए ने नेट के लिए आवेदन की तिथि दूसरी बार बढ़ाई है।

---

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, इग्नू में जुलाई सत्र में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। छात्र तीस जून तक नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी इग्नू की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध है।

---

पूर्व मध्य रेलवे में एक अप्रैल से चौदह मई के बीच बिना टिकट यात्रा करने और रेलवे एक्ट का उल्लंघन करने वाले चार लाख से अधिक यात्रियों से इकतीस करोड़ पचपन लाख रूपये जुर्माना वसूला गया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने यह जानकारी दी।

---

औरंगाबाद जिले के छकरबंधा जंगल क्षेत्र के पचरूखिया पहाड़ से नक्सल उन्मूलन अभियान की टीम ने तीन प्रेशर आईईडी बम बरामद किया है। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि बरामद आईईडी का वजन तीन–तीन किलोग्राम था, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया।

---

सारण जिले के गरखा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीराजपुर गांव स्थित एक मदरसा में बम विस्फोट होने की घटना में दो किशोर घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

---

अररिया जिले के कुआरी थाना क्षेत्र अंतर्गत डाढापीपर गांव से पुलिस ने एक सौ बीस किलो गांजा के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत खानपुर से पुलिस ने तीन युवकों को पांच किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

---

एसटीएफ की टीम ने गया जिले के कुख्यात अपराधी संतोष प्रसाद को औरंगाबाद के देव से गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से हथियार भी बरामद किये गये हैं।

---

पूर्वी चंपारण जिले के पिपराकोठी थाना क्षेत्र के बलथरवा गांव में छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस हमले में तीन जवान घायल हो गये।

---

उत्पाद विभाग की टीम ने मुंगेर सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. असीम को शराब के नशे में गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को ईडी ने टेंडर घोटाला मामले में गिरफ्तार किया।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– तीन सौ शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता, चौदह को केन्द्रीय गृह सचिव ने सौंपा प्रमाण पत्र।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– इकतीस मई को केरल में दस्तक देगा मॉनसून, बिहार में तेरह से अठारह जून के बीच मॉनसून आने की संभावना।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– अगले तीन दिनों तक लू चलने और उन्नीस मई से बारिश के आसार।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है– डेंगू के टीके को डब्लूएचओ की मंजूरी।

**दैनिक आज** ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के हवाले से लिखा है– गर्भ में पल रहे भ्रूण को भी जीने का मौलिक अधिकार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के शेष तीन चरणों के लिए प्रचार अभियान तेज हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज सीतामढ़ी और मधुबनी में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

02. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में एक सौ अड़तीस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये।

03. राज्य से इस बार तीन हजार आठ सौ बीस मुस्लिम धर्मावलंबी हज यात्रा पर जायेंगे। गया हवाई अड्डे से छब्बीस मई को रवाना होगा पहला जत्था।

04. और, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, रोहतास, औरंगाबाद और गया समेत बारह जिलों में गर्म दिवस की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।